आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–19 जनवरी 2026 सान्ध्य समाचार

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का छियासीवां सम्मेलन आज से उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुरू हो गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उद्‌घाटन सत्र को संबोधित किया। इक्कीस जनवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय परंपराओं, सदन के संचालन, सुशासन और वर्तमान विधायी मुद्दों पर व्यापक चर्चा हो रही है। विधानभवन में आज सबसे पहले सचिवों की बैठक आयोजित की गई। हमारे लखनऊ प्रतिनिधि ने बताया कि पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के साथ साथ वहां विधायी निकाय के सचिवों का बासठवां सम्मेलन भी आयोजित किया जा रहा है।

****

नई दिल्ली में इस साल आयोजित होने जा रहे सतहत्तरवें गणतंत्र दिवस परेड में करीब दस हजार विशेष मेहमान आमंत्रित किए गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि यह सभी मेहमान नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आमंत्रित किए गए हैं। इन विशेष मेहमानों में बेस्ट इनोवेटर्स, स्टार्ट–अप्स, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स और सरकार की अलग–अलग पहलों के तहत बेस्ट परफॉर्म करने वाले लोग प्रमुख तौर पर शामिल हैं।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड, एसेंट सर्किट, अंबर इंटरप्राइजेज एवं बोधिसत्व चैरिटेबल ट्रस्ट को औद्योगिक इकाई व मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि आवंटन पत्र दिया। इस अवसर पर निवेशकों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे प्रदेश में निवेश के लिए उत्साहित हैं। एक रिपोर्ट–

निवेशकों ने कहा कि प्रदेश सरकार और यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से हरसंभव सहयोग प्राप्त हो रहा है। इससे अन्य प्रदेशों की अपेक्षा उत्तर प्रदेश में सबसे तेज गति से विकास कार्यों को बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से संवाद करते हुए कहा कि विगत साढ़े 8 वर्षों में प्रदेश ने नीति स्थिरता, सुशासन और त्वरित कार्य निष्पादन के माध्यम से अभूतपूर्व औद्योगिक परिवर्तन किया है। उत्तर प्रदेश आज संभावनाओं से आगे बढ़कर 'परिणामों' का प्रतीक बन चुका है। प्रदेश में निवेश प्रक्रिया को तकनीक के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

वाराणसी के मणिकर्णिका घाट के पुर्नविकास से जुड़े एआई जेनरेटेड तस्वीर की जांच करने के लिए पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने आज वहां का दौरा किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कुम्भा महादेव मंदिर पूरी तरह से सुरक्षित है। मंदिर में किसी भी प्रकार की कोई तोड़फोड़ नहीं हुई है।

****

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पार्टी पर 'विकसित भारत जी राम जी अधिनियम' को लेकर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। नई दिल्ली में श्री चौहान ने कहा कि मनरेगा के तहत कांग्रेस द्वारा दिए गए अधिकार केवल कागजों तक ही सीमित रहे हैं।

100 दिन की बजाए 125 दिन के काम की गारंटी अगर दी है तो विकसित भारत की जी रामजी योजना के अंतर्गत दी गई है, और केवल काम का अधिकार नही दिया। 15 दिनों के अंदर बेरोजगारी भत्ता देना पडेगा। आपने कागज पर अधिकार दिया था, हमने जमीन पर इसको मजबूत करने का काम किया है। यह कानून पूरे देश में एक साथ लागू होगा। कोई भी ग्राम पंचायत इसके दायरे के बाहर नही रहेगी।

कृषि मंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत दस करोड़ संपत्तियां सृजित की गई, जिनमें से साढ़े आठ करोड़ संपत्तियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सृजित की गई हैं। श्री चौहान ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, दिव्यांगजनों और गरीबों को प्राथमिकता दी गई है।

****

प्रयागराज में मौनी अमावस्या के पावन स्नान के बाद इस वर्ष भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में अयोध्या आकर सरयू नदी में स्नान कर रहे हैं। स्नान के बाद श्रद्धालु हनुमान गढ़ी और श्रीराम लला के भी दर्शन पूजन कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

****

सुल्तानपुर जिले के एमपी–एमएलए कोर्ट ने गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली के सांसद राहुल गांधी को बीस फरवरी को पेश होने का आदेश जारी किया है। कोर्ट ने आज कहा है कि पेशी के लिये यह उनको अन्तिम अवसर दिया गया है।

****

प्रदेश में कोहरे और ठंड का प्रभाव बना हुआ है। प्रदेश के पूर्वी जिलों में धूप निकलने के साथ–साथ गलनभरी ठंड से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश कहीं कहीं घना कोहरा पड़ने की चेतावनी दी है। साथ ही मौसम के शुष्क रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

****